राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर का दीक्षान्त समारोह आयोजित

परिसरों को हरित एवं प्रदूषण मुक्त बनाने की पहल करें विश्वविद्यालय– राज्यपाल

जयपुर, 20 फरवरी। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने राज्य के विश्वविद्यालयों से शिक्षा की क्षेत्रीय आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की श्रेष्ठ संस्थाओं के साथ समन्वय और सहभागिता करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को शैक्षणिक एवं शोध कार्यों के साथ ही खेलकूद के उच्चतम मानदण्डों को ध्यान में रखते हुए सुविधाओं को विकसित करना चाहिए।

राज्यपाल श्री मिश्र महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के दीक्षांत समारोह के अवसर पर रविवार को यहां राजभवन से ऑनलाइन सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को अपने परिसर हरित एवं प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में भी तेजी से कार्य करना चाहिए। इसके साथ ही विश्वविद्यालयों में ग्रीन सोलर कॉरिडोर की क्षमता बढ़ाते हुए विद्युत क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर भी बढ़ना होगा।

कुलाधिपति ने कहा कि बीकानेर अपनत्व से भरा सांस्कृतिक शहर है, जो साहित्य और कलाओं की अनुपम विरासत अपने में संजोए हुए हैं। उन्होंने बीकानेर की स्थानीय संस्कृति, उस्ता और अन्य भित्ति चित्रकलाओं के संरक्षण, शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने का विश्वविद्यालय से आह्वान किया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में क्षेत्रीय इतिहास, सभ्यता, संस्कृति का एक म्यूजियम स्थापित करने का सुझाव भी दिया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने शिक्षा में लोकतंत्रीकरण पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों में प्रदान की जाने वाली शिक्षा का प्रसार सुदूर क्षेत्रों तक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में शिक्षण की गुणवत्ता में वृद्धि के साथ ही ऐसे अनुसंधान पर जोर देना होगा जिसमें स्थानीय ज्ञान, संसाधनों का अधिकाधिक उपयोग कर विद्यार्थियों के जीवन को नई दिशा दी जा सके।

कुलाधिपति ने कहा कि लड़कियों को शिक्षा में प्राथमिकता मिलने के साथ–साथ जीवन में सभी स्तरों पर आगे बढ़ने के अवसर भी मिलने चाहिए। उन्होंने कुलपति पदक प्राप्त करने वाली छात्रा श्रीमती सुमन स्वामी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिन के लिए विश्वविद्यालय का मानद् कुलपति बनाए जाने की अनूठी पहल की सराहना की।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शिक्षणेत्तर गतिविधियों एवं विकास कार्यों का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

दीक्षान्त समारोह में वर्ष 2019 की स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी की उपाधियां तथा सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। दीक्षान्त समारोह में सुश्री गुंजन तोदी को कुलाधिपति पदक, सुश्री मोनारानी मुंजाल को कुलपति पदक, सुश्री साक्षी पुरी को आई.सी.एस.आई. अवार्ड प्रदान किया गया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने दीक्षान्त समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित स्मारिका दीक्षा का लोकार्पण किया। समारोह के आरम्भ में राज्यपाल श्री मिश्र ने उपस्थितजनों को भारतीय संविधान की उद्देशियका एवं संविधान में वर्णित मूल कर्तव्यों का वाचन भी करवाया।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्यमंत्री श्री राजेन्द्र सिंह यादव, नेल्सन इंस्टीट्यूट ऑफ एन्वायरमेन्टल स्टडीज, यूनिवर्सिटी ऑफ विंस्कॉन्सिन, मेडिसन (यू.एस.ए.) के डायरेक्टर प्रो. पॉल रोबिन्स, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल, विश्वविद्यालय कार्य परिषद व विद्या परिषद के सदस्यगण, शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण प्रत्यक्ष एवं ऑनलाइन उपस्थित रहे।

––––

राज्यपाल को बाघ संरक्षण पर पोस्टर भेंट

जयपुर, 20 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से रविवार को जयपुर टाइगर फेस्टिवल के श्री आशीष बैद ने यहां राजभवन में मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को बाघ संरक्षण के बारे में जागरुकता लाने का संदेश देते 'सेव टाइगर' पोस्टर भेंट किए।

इस दौरान श्रीमती शिप्रा बैद एवं श्री गौतम बैद भी उपस्थित रहे।